हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 9 अगस्त 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा



06 रुद्राक्ष और मोरपंख जैसी नई डिजाइनों वाली ...





07 बजाज फाइनेंस व लोगों से 1 करोड़ 71...




## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के लिए आवेदन अमंत्रित किए

**सीहोर।** शासन के धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग द्वारा मुख्यमन्त्री तीर्थदर्शन योजना अतर्गत जिले से दो यात्राओं का आयोजत किया जाना है। जिसमें वाराणसी-आयोध्या यात्रा 13 अगस्त से 18 अगस्त तक एवं तिरूपति यात्रा 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक आयोजन किया गया हैं। तीर्थ यात्रियों की उम्र पुरूष की 60 वर्ष एवं महिला की 58 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए एव उन्हें सहायक की पात्रता होगी। यदि जिले में आवंटित निर्धारित कोटा से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो ऐसी स्थिति में यात्रियों का चयन कम्प्यूटराईज्ड लॉटरी सिस्टम से किया जयेगा। आवेदक अपना आवेदन भरकर अपने निकटतम नगर पालिका, नगर परिषद एवं जनपद कार्यालय में समय सीमा से पूर्व जमा करावें।

### ऋणी किसान 30 तक करा सकते हैं फसल बीमा

**सीहोर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अऋणी किसानों के लिए खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़कर 14 अगस्त कर दी गई है तथा ऋणी किसानों के लिये अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त 2025 कर दी गई है। जिन किसानों ने बैंकों से केसीसी लिया है और उनका बीमा बैंक द्वारा किया जाता है, किसी कारण से बैंक द्वारा बीमा नहीं किया गया है तो वह किसान बैंक से संपर्क कर अपना फसल बीमा कराएं। अऋणी किसान एवं ऐसे किसान जिनका फसल बीमा छूट गया है वह अंतिम तिथि का इंतजार न करें और शीघ्र ही पास की बैंक शाखा जैसे सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक, जन सेवा केंद्र तथा सीएससी ऑनलाइन पर जाकर फसल बीमा कराए। ताकि फसल नुकसानी के समय किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिल सकें। फसल बीमा कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड (मोबाइल नंबर से लिंक), जमीन सिकमी (बटाई पर) होने पर इसका शपथ पत्र, भू-अधिकार ऋण पुस्तिका/खसरा खतौनी, बैंक पासबुक, बुवाई प्रमाण पत्र (जो कि पटवारी पंचायत सचिव, कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो), फार्मर आई डी आदि ले जाना अनिवार्य है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी गई है कि खरीफ फसलों का बीमा अवश्य करायें ताकि प्रतिकूल मौसम के कारण फसल नुकसान या उपज में कमी होने पर फसल बीमा योजना के तहत फसल नुकसान की प्रतिपूर्ति हो सके।

### तैयारी को लेकर जिला भाजपा ने बैठक कर की चर्चा

# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगर आगमन आज, बहनों के बीच मनाएंगे रक्षाबंधन का पर्व

हरिभूमि न्यूज -नलखेड़ा






रक्षाबंधन का पर्व इस बार प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आगर जिला मुख्यालय पर बहनों के बीच मनाएंगे। मुख्यमंत्री के आज आगर जिला आगमन को लेकर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में भाजपा की जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पार्टी की जिला बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से विधायक मधु गेहलोत, वरिष्ठ नेता प्रेम मस्ताना,पुर्व विधायक लालजीराम मालवीय, मुरलीधर पाटीदार,भेरुसिंह चौहान, पीरुलाल कलसिया, मुकेश लोढ़ा आदि उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मालवीय ने बताया कि 9 अगस्त रक्षाबंधन के दिन दोपहर 12 बजे थाना ग्राउंड आगर में मुख्यमंत्री डां मोहन यादव का आगमन होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव बहनों के बीच रक्षाबंधन का पर्व मनाएंगे। इसी तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में जिले के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक में भाजपा नेताओं ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ आमजन से अपील की गई कि वहां आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में बहिनों को लेकर रक्षाबंधन पर्व को सफल बनायें। बैठक का संचालन जिला महामंत्री कैलाश कुंभकार ने किया व आभार जिला महामंत्री डॉ गजेन्द्र सिंह चंद्रावत ने माना।

### रक्षाबंधन पर्व को लेकर शुक्रवार को बाजार हुआ गुलजार





**नलखेड़ा।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर शुक्रवार को बाजार ग्राहकों से गुलजार नजर आया। राखियां साड़ियां मिठाई नारियल आदि की जमकर बिक्री हुई। रक्षाबंधन पर्व के एक दिन पूर्व शुक्रवार को बाजार में खासी चहल पहल रही।शिवाजी चौराहे से पुराने नगर पंचायत कार्यालय तक सजी राखी की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। इसी प्रकार किराना दुकानों पर नारियल व खोपरा गोला खरीदने वालों की भीड़ दिखाई दी। रक्षाबंधन पर बहिनों को उपहार में देने के लिए ग्रामीणजन बड़ी संख्या में साड़ियों की खरीददारी करते दिखाई दिए। इसके साथ ही छोटे बच्चों के रेडीमेड कपड़ो की दुकानों पर भी खासी भीड़ लगी रही। अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनका मुँह मीठा करवाने के लिए मिठाइयों की भी अच्छी बिक्री हुई। इसके लिए मिठाई विक्रेताओं द्वारा विभिन्न प्रकार की मिठाइयां बनाकर सजा रखी थी। राखी पर्व को लेकर शुक्रवार को बाजार में जो चहल पहल दिखाई दी वह पर्व से सबंधित दुकानों पर ही थी शेष दुकानों पर सन्नाटा पसरा रहा।

### राखियां, नारियल और मिठाई की दुकानों पर लगी भीड़





**कानड़ ।** भाई बहन के प्यार व विश्वास का त्यौहार रक्षाबंधन पर्व आज मनाया जायेगा ।पवित्र रिश्ते का बंधन, रक्षाबंधन त्योहार भाई और बहनों के लिए खास त्यौहार रहता है '।इस त्योहार का इतंजार सभी भाई - बहन बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस दिन बहनें अपने भाई कि कलाई पर शुभ मुहूर्त में रक्षासूत्र बांधतीं है और बदले में भाई अपनी बहन की रक्षा का विश्वास देते हुए उसे उपहार देता है। शुक्रवार साप्ताहिक हाट बाजार में रक्षा बंधन पर्व को लेकर खासी रौनक दिखी। बाजार में खरीददारी करती बहनों की काफी भीड़ लगी रही। आसपास के गांव से लोग बड़ी संख्या में खरीदारी करने के लिए नगर में पहुंचे।बाजार में रक्षाबंधन की बहार देखने को मिली राखियां और नारियल, मिठाई की दुकानों पर भीड़ लगी रही। इधर दुकानदारों का कहना है इस बार रेशम, रुद्राक्ष, ब्रेसलेट, बच्चों के लिए छोटा भीम, कृष्ण-भीम ,घड़ी सहित खिलौने ,कार्टून की रंग बिरंगी राखी बिक रही है । इधर बजार में नारियल, कपड़े, मिठाइयों की भी बिक्री बढ़ गई है।

### घटना हुई सीसीटीवी में कैद

# महिलाओं ने ज्वेलर्स की दुकान से डेढ़ लाख के जेवरात चुराए





हरिभूमि न्यूज नलखेड़ा

रक्षाबंधन पर्व को लेकर जहां बाजारों में अच्छी खासी चहल पहल है वही इस बीच दिनदहाड़े नगर के सराफा व्यापारी के यहां आभूषण खरीदने आई महिला के द्वारा बड़ी चालाकी से पलक झपकते ही दुकान के शोकेस के अंदर रखी जेवरात की एक डिब्बी को शोकेस की दराज खोलकर चूरा लिया गया। डिब्बी में सोने के आभूषण रखे हुए थे जिनकी कीमत 1.5 लाख रुपए के लगभग बताई जा रही है। चोरी की उक्त वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। घटना को लेकर व्यापारी के साथ अन्य सराफा व्यापारियों द्वारा पुलिस थाने पहुंच कर शिकायती आवेदन पत्र सौपा गया।

नगर के मुख्य मार्ग पर अमित नर्सिंग होम के सामने स्थित श्रीनाथ ज्वेलर्स की दुकान पर शुक्रवार दोपहर के समय अज्ञात महिलाएं जेवरात खरीदने के बहाने आई थी। महिलाओ ने सराफा व्यापारी को बड़ी चालाकी से बातों में उलझा कर उनमें से एक महिला द्वारा दराज में सोने की रखी डिब्बी को आसानी से पार कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। उक्त घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है।उक्त अज्ञात महिलाएं वारदात के पूर्व नगर की ही दो अन्य ज्वेलर्स की दुकानों पर भी गई थी। जो वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई थी। लेकिन वहां पर यहां अज्ञात महिलाएं वारदात को अंजाम देने में सफल नहीं हो पाई। घटना को लेकर व्यापारी मुकेश सोनी द्वारा स्थानीय पुलिस थाने पर शिकायती आवेदन भी सौपा है। इस दौरान नगर के सराफा व्यापारियों के साथ ही अन्य व्यापारी भी उपस्थित थे।

### जिला पंचायत सीईओ ने ली पीएमएफएमई योजना के संबंध में बैठक



**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन की अध्यक्षता में (पीएमएफएमई) योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने उद्यानिकी विभाग की लक्ष्य पूर्ति, उद्यमियों को मार्केटिंग एवं पैकेजिंग के लिए प्रशिक्षण, उत्पाद के लिए स्थानीय बाजार, मशीन खरीदने के लिए इंपैनल्ड वेंडर एवं नवीन उद्यमियों को मार्गदर्शन तथा सफल उद्यमियों को पीएमएफएमई के तहत एंबेसडर निर्धारित करने के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में जिला रिसोर्स पर्सन से बैंक में लोन स्वीकृति के लिए संबंधित दस्तावेजों के संबंध में चर्चा की गई।

# नपा के व्यवस्थित इंतजामों से श्रद्धालुओं को मिली राहत



**सीहोर।** नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के नेतृत्व में नपा ने शहर में निकली भव्य कांवड़ यात्रा के लिए बेहतरीन और व्यवस्थित इंतजाम किए। इन व्यवस्थाओं की वजह से श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली। नपा की ओर से किए गए पुख्ता इंतजामों की शहरवासी सोशल मीडिया के माध्यम से सराहना भी कर रहे हैं।

नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने 'हरिभूमि' से बात करते हुए बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा उनकी पहली प्राथमिकता थी। इसके लिए सीवन नदी पुल पर दोनों तरफ नल लगवाए गए, जिससे श्रद्धालु नदी में उतरे बिना ही जल भर सकें। इससे सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई। इसके अलावा महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सीवन नदी तट पर अस्थाई चेंजिंग रूम बनाए गए, जिससे उन्हें कपड़े बदलने में आसानी हुई।

#### विश्राम के लिए व्यापक इंतजाम

नपाध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि श्रद्धालुओं के विश्राम के लिए भी व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। नदी घाट पर एक बड़ा टेंट लगाया गया, जहां रात के समय कांवडिय़ों ने आराम किया। साथ ही नपा ने अपने रैन बसेरा और यहां तक कि खुद के कार्यालय को भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया, ताकि वे सुरक्षित और आरामदायक तरीके से रात बिता सकें।

# कमला सागर विद्यालय के चार पूर्व छात्रों का एनआईटी में चयन, बबिता को मिली 318 रैंक

### कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन का है परिणाम

हरिभूमि न्यूज नलखेड़ा



शिक्षा के क्षेत्र में नलखेड़ा नगर ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। नगर के कमला सागर विद्यालय के चार पूर्व छात्र-छात्राओं ने देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) में प्रवेश प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सबसे बड़ी उपलब्धि कुशलपुरा निवासी बबिता पाटीदार ने हासिल की है। बबिता पाटीदार पिता कमल किशोर पाटीदार ने राष्ट्रीय एमसीए प्रवेश परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 318 प्राप्त की है। इस उपलब्धि के आधार पर उन्हें एनआईटी कुरुक्षेत्र में मास्टर इन कंप्यूटर एप्लीकेशन पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश मिला है। बबिता के साथ ही विद्यालय के तीन अन्य पूर्व छात्रों ने भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है जिनमे निर्मल पाटीदार का एनआईटी अगरतला प्रितेश पाटीदार का एनआईटी प्रयागराज एवं हरिओम पाटीदार का एनआईटी पटना के लिए चयन हुआ है।

विद्यालय के संचालक दिलीप तांतेड़ ने इस अवसर पर कहा कि हमारे विद्यार्थियों का देश के शीर्ष तकनीकी संस्थानों में चयन होना विद्यालय के लिए गर्व की बात है। यह उनके कठिन परिश्रम शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हमें विश्वास है कि ये सभी विद्यार्थी भविष्य में भी अपने ज्ञान और कार्य से क्षेत्र और देश का नाम रोशन करेंगे। चारों विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार एवं अभिभावक ने हर्ष व्यक्त करते हुवे उन्हें बधाइयां दी है तथा उज्वल भविष्य की कामना की है।

### अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठे राजस्व अधिकारी

# 8 करोड़ की लागत से बने नए तहसील भवन में धरना प्रदर्शन का श्री गणेश...






हरिभूमि न्यूज सीहोर

जिला मुख्यालय पर आठ करोड़ रुपए की लागत से बने चमचमाते तहसील भवन में बीते कुछ दिनों पहले ही कामकाज की शुरुआत हुई है इसके साथ ही नए भवन में धरना प्रदर्शन का भी श्री गणेश हो गया है। यह धरना प्रदर्शन किसान या आम आदमी ने नहीं, बल्कि राजस्व अधिकारियों द्वारा किया गया है। गुरुवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राजस्व अधिकारियों ने धरना प्रदर्शन कर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा है।

राजस्व अधिकारियों के न्यायिक और गैर.न्यायिक विभाजन के विरोध में प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत जिले के सभी तहसीलदारों ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में जिले की आष्टा, बुदनी, भैरुंदा, इछावर, जावर, रेहटी, सीहोर, श्यामपुर और नसरुल्लागंज तहसील के राजस्व अधिकारी शमिल हुए। धरना प्रदर्शन में बैठे अधिकारियों ने ज्ञापन में कहा कि सरकार द्वारा राजस्व अधिकारियों को न्यायिक और गैर.न्यायिक दो वर्गों में बांटने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे पूरा संवर्ग हतोत्साहित है। उन्होंने बताया कि पहले उन्हें मौखिक रूप से यह आश्वासन दिया गया था कि यह योजना केवल 12 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू होगी, लेकिन इसके विपरीत यह योजना कई अन्य जिलों में भी लागू कर दी गई है। राजस्व अधिकारियों ने मांग की है कि इस विभाजनकारी योजना को तुरंत निरस्त किया जाए और अधिकारियों को उनके मूल राजस्व कार्यों से अलग न किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं वे आपदा प्रबंधन कार्यों को छोडक़र अन्य सभी कार्यों से विरत रहेंगे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने अपने सरकारी वाहन जमा करा दिए हैं और अपने डिजिटल सिग्नेचर के डोंगल भी सीलबंद कर जिला अध्यक्ष को सौंप दिए हैं। राजस्व अधिकारियों ने बताया कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार इस योजना को पूरी तरह वापस नहीं ले लेती।

### उत्कृष्ट स्कूल के छात्रों का हुआ संभागीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**नलखेड़ा।** बालक अंडर 14 से 19 वर्ष वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्थानीय उत्कृष्ट उमावि के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उनका चयन संभागीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित छात्रों में कुश्ती में नरेंद्र प्रतापसिंह शतरंज में निखिल प्रजापति गोलाफेंक में आतिफ शाह एथलेटिक्स में सूरज भिलाला आदि ने परचम लहराया है। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्रों को प्राचार्य ओमप्रकाश बंसिया विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी महेश पाटीदार कैलाशचंद्र विठ्ठल एवं समस्त स्टॉफ द्वारा बधाई देते हुवे उज्वल भविष्य की कामना की गई।

# गुरुकुल के 10 खिलाड़ियों का संभाग स्तर पर चयन



**नलखेड़ा।** जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत आगर मालवा में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर स्थानीय गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल के 10 खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तर के लिए हुआ है। जिसमें 100 मीटर दौड़ में जैनुल मेव और रोशन कटारिया 400 मीटर दौड़ में देवराज गुर्जर 200 मीटर दौड़ और 400 मीटर रिले रेस में भव्यराज सिंह ऊंची कूद और डिस्क थ्रो में प्रियांश सेन लंबी कूद और गोला फेंक में राजवीर सिंह राजपूत 110 मीटर बाधा दौड़ में सुमित यादव 400 मीटर रिले रेस में भगवत मल्डावदिया ऊंची कूद में भानुप्रताल सिंह सोनगरा आदि खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान बनाया है। आगामी संभागीय प्रतियोगिताओं में उक्त खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करेंगे। खेल शिक्षिका रुक्मणि पांचाल के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह उपलब्धि प्राप्त की है। चयनित खिलाड़ियों का प्राचार्य कमल किशोर पाटीदार और विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया एवं आगामी प्रतियोगिता में भी परचम लहराने की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

खबर संक्षेप

## चापड़ा चौराहे पर यात्रियों की बड़ी भीड़, लगा कई बार जाम



**चापडा।** राखी पर्व के चलते शुक्रवार के दिन चौराहे पर यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई। दोपहर के बाद चौराहे पर भीड़ बढ़ने लगी, जिससे चौराहे पर चहल-पहल बढ़ गई। साथ ही दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ देखी गई। चौराहे पर दोपहर के बाद जाम भी लग गया। जिसके कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बार-बार जाम लगने से वाहनों की लंबी कतारे भी देखी गई। साथ ही साप्ताहिक बाजार होने के कारण ज्यादा ट्रैफिक रहा। यात्रियों को लंबे समय तक बसों का इंतजार करना पड़ा। पर्व का समय होने के दौरान यात्री बसों में भी क्षमता से अधिक यात्रियों को बिठाकर बसों का संचालन हुआ। यात्री बसों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने के कारण बसों में पैर रखने की जगह नहीं रही है। बता दे की इंदौर तरफ से आने वाली बसों में अधिक भीड़ देखी गई, जिसके कारण चापड़ा चौराहे पर चारों मार्गों पर बसों के इंतजार में बड़ी संख्या में सवारियां खड़ी दिखाई दी। हालांकि चापड़ा चौराहे पर सैनिक गुलाब सिंह सेंधव एवं महेंद्र राणा ट्रैफिक व्यवस्था सामान्य व नजर आए।

## खाद्य विभाग ने नमूने लेकर भोपाल राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भेजे

**देवास।** शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर द्वारा बरखेड़ा दूध संकलन केन्द्र सोनकच्छ से दूध, राजस्थान स्वीट्स एण्ड नमकीन सोनकच्छ से मावा कतली, जोधपुर स्वीट्स एण्ड नमकीन कैलादेवी चौराहा देवास से मलाई बर्फी एवं शक्कर पारा, महेन्द्र मिल्क प्रोडक्ट अर्जुन नगर देवास से मावा कतली के नमूने लिये गये एवं सभी दुकान संचालकों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने एवं फ्रेश एवं ताजी मिठाईयाँ विक्रय करने के निर्देश दिये गये।इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी हिमाली सोनपाटकी ने फ्लेम्स एण्ड फॉरेस्ट रिसार्ट में भी जांच की।

### जिले में रक्षाबंधन की धूम, बाजारों में छाई राखियों की रौनक

# रुद्राक्ष और मोरपंख जैसी नई डिजाइनों वाली राखियों को भी पसंद कर रही बहनें

### अमेरिकी आर्टिफिशियल डायमंड से जड़ी राखियों की भी खूब मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शहर में शनिवार को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। शहर के प्रमुख बाजारों में राखियों की सजी-धजी दुकानें लोगों को आकर्षित कर रही हैं। इस बार बाजार में 100 से ज्यादा प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं। राजस्थानी पैटर्न वाली राखियां महिलाओं की पहली पसंद बन रही हैं, वहीं अमेरिकी आर्टिफिशियल डायमंड से जड़ी राखियों की भी खूब मांग है। दुकानदारों के अनुसार इनकी कीमत 5 रुपए से शुरू होकर 500 रुपए तक जा रही है। राखी विक्रेता ने बताया कि खासतौर पर राजस्थानी डिज़ाइन वाली राखियां 100 से 500 रुपए के बीच बिक रही हैं।

इसके अलावा लाख से बनी पारंपरिक राखियों की भी बाजार में अच्छी-खासी मांग है। धार्मिक आस्था से जुड़ी राखियां भी इस बार खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। भगवान श्रीराम, खाटू श्यामजी और श्रीकृष्ण की तस्वीरों से सजी राखियां लोगों को खूब लुभा रही हैं। रुद्राक्ष और मोरपंख डिज़ाइन वाली राखियों को भी खरीदार पसंद कर रहे हैं। बच्चों के लिए बाजार में विशेष रूप से साउंड इफेक्ट वाली राखियां उपलब्ध कराई गई हैं, जो उन्हें काफी भा रही हैं। कार्टून कैरेक्टर, रोशनी और म्यूजिक वाली राखियां छोटे बच्चों के बीच लोकप्रिय हो रही हैं। रक्षाबंधन को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है।रक्षा बंधन के पूर्व अमोना में माता-बहनों को वितरीत की निःशुल्क राखियांभाई-बहन के पवित्र





त्यौहार रक्षा बंधन के एक दिन पूर्व वार्ड क्रमांक 15, अमोना में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जूनियर मंडल के नगर महामंत्री बाबूलाल नरवरिया द्वारा निःशुल्क राखी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्रीराम मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय पार्षद गणेश पटेल, माँ चामुण्डा मंडल के महामंत्री भरत व्यास एवं उपाध्यक्ष सौदान सिंह परिहार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा श्रीराम मंदिर में राम दरबार को राखी अर्पित कर की गई। इसके पश्चात करीब दो घंटे तक चले कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं एवं बहनों को लगभग 5,000 आकर्षक राखियों का वितरण किया गया। राखियां पाकर बहनों के चेहरे पर प्रसन्नता देखने को मिली। इस अवसर पर प्रकाश मामा ठाकुर, धरमचंद्र पाटीदार, कमलेश शर्मा, शोभा दीदी, लीलाबाई, मंगु बाई, दयालु वर्मा, राकेश पटेल, रेखा डांगी, सुशीला पटेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों का विशेष योगदान रहा।

# धार्मिक भावनाएं आहत करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### मंदिर में प्रतिमा को किया था खंडित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास पर सूचना प्राप्त हुई कि इंद्रानगर बीराखेड़ी में शुक्रवार को तेजाजी मंदिर में स्थापित हनुमान जी की मूर्ति को किसी अज्ञात बदमाश ने खण्डित कर धार्मिक भावना को आहत किया है। सूचना पर थाना औद्योगिक क्षेत्र पर अपराध कर विवेचना मे लिया। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा अज्ञात आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन मे नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व मे विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। टीम द्वारा ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत घटनास्थल के आसपास लगे 25 से अधिक सीसीटीव्ही कैमरों की जाँच की गई। फुटेज से एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान हुई जिसे कम्युनिटी पुलिस व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पहचान कर मुखबीर सूचना के आधार पर संदिग्ध कान्हापिता बाबूलाल मालवीय उम्र 19 साल निवासी इन्द्रानगर बीराखेड़ी देवास को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ की गई । आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया एवं आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया,उनि एस.एस.मीणा,उनि नरेन्द्र अमकरे,सउनि सुनिल इक्का, प्रआर सुरेश धाकड़, घनश्याम बामनिया, आर अजय जाट, लक्ष्मीकांत की भूमिका रही।

## कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर किया स्थल निरीक्षण



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) पर जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउण्ड देवास में आयोजित होने वाले जिलास्तरीय समारोह की तैयारियों एवं गरिमापूर्ण आयोजन के संबंध में स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए मंच व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों, अतिथियों, अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों के लिए उचित बैठक व्यवस्था के निर्देश दिये।सिंह ने जिला स्तरीय समारोह में बरसात को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करना सुनिश्चित करें। सिंह ने जिलास्तरीय समारोह साउण्ड, पानी, बिजली, साफ-सफाई, पार्किंग, प्रवेश द्वार आदि की व्यवस्था के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागों को कार्य सोंपे गये कार्य समय रहेत पूरे कर लें। आगामी 13 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की अंतिम तैयारी का जायजा लिया जाएगा।इस अवसर पर अपर कलेक्टर बिहारी सिंह, अतिरिक्त पुसिल अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, पीडब्ल्यूडी और नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## रसुलपुर स्थित मे.बालाजी इंटरप्राइजेस बायो-डीजल पम्प की जांचकर किया सील



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने निर्देश दिए हैं कि जिले में बिना अनुमति के पेट्रोल-डीजल पंपों का संचालन करने वालों पर कार्रवाई की जाएं। इसी कड़ी में जिला आपूर्ति विभाग द्वारा कार्रवाई की गई तथा एक बायो-डीजल पंप को सील किया गया। जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार एवं सहायक आपूर्ति अधिकारी भानसिंह राय के संयुक्त दल द्वारा मेसर्स बालाजी इंटरप्राइजेस, रसुलपुर देवास स्थित बायो-डीजल पम्प की जांच की गई। जांच के दौरान बायो-डीजल पम्प के मैनेजर अभिषेक मालवीय से बायो-डीजल पम्प संचालन के संबंध में आवश्यक एन.ओ.सी./अनुमति, बायो-डीजल क्रय करने के बिल/इनवाइस आदि की मांग की गई। बायो-डीजल पम्प मैनेजर दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। इस प्रकार उक्त पम्प बगैर वैध एन.ओ.सी./अनुमति के संचालित पाये जाने के कारण जाँच दल द्वारा बायो-डीजल पम्प परिसर में स्थापित भूमिगत टैंक में उपलब्ध बायो-डीजल मात्रा 8,660 लीटर को जप्त कर बायो-डीजल पम्प पर स्थापित 02 डिस्पेंसिंग यूनिट के 04 नोजलों को सील कर बायो-डीजल विक्रय पर रोक लगाई गई। जप्त सामग्री की कुल कीमत 6,23,520/- रूपये है।

# अधिवक्ता पर प्राणघातक हमले के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग, जिला अभिभाषक संघ ने दिया ज्ञापन


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला अभिभाषक संघ के अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता विष्णु अग्रवाल पर हुए हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार, 6 अगस्त की रात लगभग 11 बजे रामचंद्र नगर थाना औद्योगिक क्षेत्र में अधिवक्ता विष्णु अग्रवाल पर कुछ लोगों ने धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं। इस दौरान आरोपियों ने उनके परिवार के सदस्यों के साथ भी मारपीट की तथा घटना का वीडियो बना रहे परिजनों का मोबाइल फोन छीनकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना से आक्रोशित जिला अभिभाषक संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण कार्यकारिणी के साथ पुलिस अधीक्षक, देवास से मिले और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, मामले में गंभीर धाराओं की बढ़ोतरी तथा निष्पक्ष जांच की मांग की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीरसिंह भदौरिया ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि एक आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है तथा शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। साथ ही अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर भी उचित कदम उठाने का भरोसा दिलाया। ज्ञापन देने वालों में संघ के उपाध्यक्ष पंकज पंड्या, गीता शर्मा, सहसचिव जितेंद्र सिंह ठाकुर, पुस्तकालय सचिव श्वेतांक राज शुक्ला, पूर्व संघ सचिव प्रवीण शर्मा, पूर्व संघ सचिव चंद्रपाल सिंह राठौर, मनोहर सिंह राठौर, विजय राठौर, रुचिता मालवीय, जितेंद्र रावत, रोहित नागर, विष्णु मालवीय, गोपाल पंवार सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# टोकखुर्द विकासखंड के ग्राम सवरसी में जर्जर भवन में लग रहा स्कूल, खतरे में बच्चों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



टोकखुर्द विकासखंड के ग्राम सवरसी में जर्जर भवन में लग रहा है स्कूलखतरे में नो निहालों की जानभौरासा। नगर से लगभग 10 किलोमीटर दूर टोकखुर्द तहसील के ग्राम सवरसी में सरकारी स्कूलों में व्यवस्था 'जर्जर' होने से नौनिहालों की जान खतरे में बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर स्कूलों की बदहाली को दूर करने व्यवस्थागत दुश्वारियों को दूर करने की इच्छा शक्ति भी नजर नहीं आ रही है, जबकि राजस्थान के झालावाड़ में हुए स्कूल हादसे के बाद जिला कलेक्टर द्वारा सख्त निर्देश भी दिए गए हैं कि जर्जर भवनों में स्कूल संचालित नहीं किए जाए, लेकिन इसके बाद भी ग्रामीण अंचल में क्षतिग्रस्त और जर्जर स्कूल भवनों में या फिर भवनो के बाहरविधिवत कक्षाएं लगाई जा रही है।

शहर से लेकर देहात तक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय विभागीय अनदेखी का शिकार हो रहे हैं। जर्जर भवनों से कहीं प्लास्टर गिर रहा है तो कहीं छतों से बारिश का पानी टपक रहा है। दीवारें भी गिरनासन हैं। गर्मी में चद्दर के सेट में बैठने को भी बच्चे मजबूर है, बदबूदार कमरों से शिक्षक-शिक्षिकाओं का ही नहीं विद्यार्थियों का भी बुरा हाल है। विद्यालय में पढ़ने आने वाले बच्चों की जान खतरे में हैं शा.मा. विद्यालय सवरसी विकासखंड टोकखुर्द में स्कूल भवन की छत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है,छत से सरिए निकल रहे हैं। छत से पानी भी टपक रहा है लेकिन इसके बाद भी जर्जर छत के नीचे बच्चे पढ़ रहे हैं जबकि बताया गया है कि स्कूल की वस्तु स्थिति को लेकर स्कूल प्राचार्य द्वारा टोंकखुर्द संकुल प्रभारी व जिला अधिकारी को कई बार अवगत कराया जा चुका हैं लेकिन इसके बाद भी क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत को लेकर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। ऐसे में क्षतिग्रस्त भवन के नीचे कक्षाएं संचालित किए जाने के बाद भविष्य में अगर कोई दुर्घटना घटित होती है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

### जिले में हर घर तिरंगा अभियान का हुआ शुभारंभ, 8 से 15 अगस्त तक चलेगा अभियान

# अभियान के तहत होगी विभिन्न गतिविधियां और कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार 79वें स्वतंत्रता दिवस पर ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, "स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान 08 से 15 अगस्त तक संचालित होगा, जिसमें विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित होंगे।

अभियान के तहत जिले में 08 अगस्त को स्कूल परिसरों को तिरंगा आधारित थीम पर सजाया गया। शैक्षणिक संस्थाओं तथा शासकीय भवनों में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया और सेल्फी पॉइन्ट बनाये गए। स्कूल कॉलेज तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

स्वच्छ सुजल गांव की शपथ दिलाई गई। अभियान के तहत जिले की जनपद पंचायतों में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। जिले में 09 से 11 अगस्त तक सामुदायिक स्वच्छता अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों, स्वच्छता सुविधाओं, जल स्त्रोतों की सफाई की जायेगी। रैली, रंगोली, पेंटिंग एवं झांकी का आयोजन किया जायेगा।

नालों एवं नाली की सफाई एवं जल निकासी और ग्रेवाटर प्रबंधन सामुदायिक, स्वच्छता कॉम्पलेक्स शेड व अन्य संरचनाओं की सफाई अभियान, प्लास्टिक अपशिष्ट संग्रहण और प्रबंधन अभियान, आजादी का श्रमदान अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।अभियान के तहत 12 अगस्त को जल जीवन मिशन संरचनाओं की सफाई व सजावट व पैंटिंग की जायेगी। 13 अगस्त को अपशिष्ट प्रबंधन तकनीकों (खाद बनाना एवं कचरे का पृथकीकरण), जल संरक्षण, ग्राउंड वाटर रिचार्ज, जल स्त्रोतों की सुरक्षा, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे।

सामुदायिक बैठक एवं स्वछता से सम्बंधित गतिविधि आयोजित होगी। 14 एवं 15 अगस्त को ₹हर घर तिरंगा अभियान₹ के तहत घरों में ध्वजारोहण समारोह के उपरान्त स्वच्छता चैंपियनों का सम्मान, सभी शासकीय भवनों, संस्थानों, डेम आदि में विद्युत साज-सज्जा एवं ध्वजारोहण किया जायेगा।

# रामायण पाठ का हुआ पूर्णाहुति के साथ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर मे प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी लोधी समाज द्वारा श्री राम मंदिर पर पिछले 14 वर्षों से सावन माह में एक माह तक अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है।

जिसका शनिवार को पूर्णाहुति व हवन पुजन के साथ समापन हुआ। पूर्णाहुति एवं हवन पूजन श्री राम मंदिर व गड़ी मंदिर पुजारी विवेक शर्मा द्वारा मंत्रोउच्चारण के साथ करवाया गया। इस अवसर पर समस्त लोधी समाज व नगरवासी मौजूद रहे। हवन पूजन के पश्चात एक विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें नगर वासियो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

**खबर संक्षेप**

### ढाबों पर बिक रही अवैध तरीके से देसी शराब

**ललितपुर।** देवगढ़ रोड पर ढ़ाबा खोलकर खाना के साथ धड़ल्ले से अवैध शराब बेच रहे व्यक्ति को नई बस्ती चौकी पुलिस ने धर दबोचा है। भारी मात्रा में शराब को लेकर ढ़ाबा जा रहे युवक को दबोच कर पुलिस ने उसके पास से भारी मात्रा में देशी शराब के क्वाटर बरामद किये गये हैं। प्रकरण दर्ज कराते हुये नई बस्ती चौकी प्रभारी उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि वह अपने हमराह चेतक मुख्य आरक्षी राघवेन्द्र पाल व सौरभ त्रिपाठी के साथ गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद थैले में अधिक मात्रा में देशी फ्रूटी रसभरी शराब ले कर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। तभी वहां से गुजर रही मोटर साइकिल को पुलिस ने रेलवे लाइन किनारे से पकड़ लिया। पुल पकड़े गये युवक ने अपना नाम सिविल लाइन देवगढ़ रोड निवासी सुधीर अग्रवाल उर्फ भईया पुत्र स्व. राजकुमार अग्रवाल बताया। पुलिस ने उसके पास से सफेद थैले से 22 क्वाटर रसभरी देशी शराब के बरामद किये। पकड़े गये सुधीर अग्रवाल ने बताया कि वह देवगढ़ रोड पर सिद्धि भोजनालय के नाम से ढ़ाबा संचालन करता है। यहां खाना खाने के लिए आने वाले लोगों को वह शराब अधिक दाम पर बेचकर धन अर्जित करता है। वह इस शराब को लेकर ढ़ाबा पर जा रहा था। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पति ने की मारपीट, जेठ ने मांगा दहेज

**ललितपुर।** तालबेहट थानान्तर्गत ग्राम हर्षपुर के मजरा खेरो निवासी कमलेश सहरिया पुत्री बल्लू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी एक वर्ष पहले महानगर झांसी के थाना सकरार अंतर्गत कस्बा निवासी बैजनाथ पुत्र चन्ने सहरिया के साथ हुयी थी। शादी के बाद से उसका पति उसे प्रताड़ित करने लगा। शराब के नशे में आये दिन मारपीट करते हुये उसे परेशान किया। किसी प्रकार वह अपने पिता के घर आ गयी। यह शादी पप्पू सहरिया ग्राम करीला ने उसके पिता को धोखे में रखकर करायी थी। आरोप है कि उसका जेठ रामपाल सहरिया उससे 50 हजार रुपये नकद व एक मोटर साइकिल की मांग कर रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

### नाबालिग व नकदी जेवरात ले गया युवक

**ललितपुर।** निकटवर्ती गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते 5 अगस्त को जब वह मजदूरी करने गया हुआ था, तब उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। इसी बीच महानगर झांसी के थाना बबीना अंतर्गत खांड़ी बृजपुर निवासी आशीष रैकवार उसके घर आया और उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर साथ ले गया। पीड़ित ने बताया कि उसकी पुत्री अपने साथ घर में रखे करीब 50 हजार 770 रुपये नकद, एक किलो चांदी भी साथ ले गयी। घटना की जानकारी उसके पुत्र ने उसे दी। जानकारी करने पर पाया कि आशीष उसकी पुत्री को जबरन साथ ले गया है और वह बबीना में ही निवासरत है। आरोप है कि फोन पर सम्पर्क करने पर आशीष ने जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली।

### मकान पर कब्जा करने तोड़ा गेट

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम बम्हौरी बहादुर सिंह निवासी जयप्रकाश राय पुत्र बालकृष्ण ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका मकान आराजी संख्या 701 में बना हुआ है, जिसके पीछे बाउण्ड्री बनी हुयी है। बताया कि पड़ौस के अंगद पुत्र ठलू कुशवाहा व उसका पुत्र मानिकचंद्र उर्फ भज्जू, नाती हरिशंकर पुत्र भगवानदास उसके मकान के आंशिक भाग पर काफी दिनों से कब्जा करने की फिराक में थे। 7 अगस्त को सुबह करीब 10 बजे उक्त लोगों ने आकर उसके घर का गेट तोड़ दिया और खपरैल तोड़ दिया, जिससे उसका काफी नुकसान हुआ है। जब उसने विरोध किया तो अंगद ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### अभियुक्तों के खाते से 9 लाख 11 हजार रुपए फ्रीज कराए गए

# बजाज फाइनेंस व लोगों से 1 करोड़ 71 लाख की धोखाधड़ी, मैनेजर सहित 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी के निर्देश के क्रम में, पुलिस अधीक्षक श्री मो० मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक एव क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 881/25 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2) इठर में वांछित अभियुक्तगण महेन्द्र बरार पुत्र प्रेमलाल उम्र करीब 35 वर्ष नि० नेहरूनगर थाना कोतवाली ने नवनीत पुत्र यादवेन्द्र सिंह उम्र करीब 27 वर्ष नि0 पटेल नगर, उरई जनपद जालौन को गिरफ्तार कर मा० न्यायालय पेश किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण- वादी मुकदमा संदीप सिंह सोलंकी पुत्र लक्ष्मन सिंह सोलंकी उम्र करीब 29 वर्ष असिस्टेन्ट मैनेजर रिस्क बजाज फाइनेन्स लिमिटेड झोखन बाग इलाइट चौराहा जनपद झांसी द्वारा अभियुक्तगण महेन्द्र बरार, नवनीत आदि द्वारा धोखाधड़ी करके षणयन्त्रपूर्वक कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बजाज कम्पनी को करीब 1,71,01,703/- रुपये की क्षति पहुंचाने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी। तहरीर के आधार पर कोतवाली ललितपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । उपरोक्त प्रकरण की गंभीरता व व्यापकता को देखते हुए गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही व वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन हेतु टीम गठित की गयी थी। गठित टीमों द्वारा सर्विलांस (मैनुअली/टैक्नीकल), वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से अभियुक्तगण को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है।

पुछतांछ का विवरणः अभियुक्त नवनीत सिंह व महेन्द्र उपरोक्त ने पूछतांछ करने पर बताया कि हम लोगो का एक संगठित गिरोह है। मैं नवनीत सिंह बजाज फाईनेन्स लिमिटेड झोकन बाग झांसी में अक्टूबर 2022 से क्रेडिट मैनेजर के पद पर कार्यरत था तथा महेन्द्र ऊरअ डायरेक्ट सेल एजेन्ट के पद पर कार्य करता था जिसका काम लोन के लिये लोगो को लाना होता था। नवनीत सिंह केकार्य क्षेत्र मे जनपद झांसी व जनपद ललितपुर आते हैं। दोनो जिलो के कस्टमरों के लोन मेरे द्वारा ही स्वीकृत किये जाते है, जिसकी सीमा अधिकतम 20 लाख रूपये है। साहब मेरे संगठित गिरोह में कई स्तर पर काम बंटा हुआ है। हम लोग लोन कैसे मिलेगा इसका पम्पलेट बनांकर सभी जगहों पर चिपका देते हैं व उसमें हमारे गिरोह के सदस्य के लोगों के नम्बर दिये रहते हैं जिसको लोन लेना होता है वह उस नम्बर पर फोन करता है फिर हम उससे सम्पर्क करते हैं उससे सम्बन्धित फाइल को तैयार करते थे। शुरूआत में हम लोग सही व्यक्तियों को लोन पास कराया करते थे जिसमें हम लोगो को कमीशन मिलता था । बाद में हम लोगो के द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर प्रापर्टी से सम्बन्धित लोन कराना शुरू कर दिया

इसके लिये हम लोग कूटरचित तरीके से तैयार रजिस्ट्री के प्रपत्र, पैनकार्ड, आधारकार्ड, नया एकाउन्ट नम्बर खुलवाकर के यह सारा फ्राड करने लगे और लोन का पैसा हम लोग फर्जी खातों में मंगाकर के उसको कैश के रूप में निकालकर आपस में सभी लोग बांट लेते हैं। साहब हमारे गिरोह में कई अन्य लोग भी जुड़े हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता व उम्र महेन्द्र बरार पुत्र प्रेमलाल नि० नेहरूनगर थाना कोतवाली ललितपुर नवनीत पुत्र यादवेन्द्र सिंह उम्र करीब 27 वर्ष नि० पटेल नगर, उरई जनपद जालौन के खाते से करीब 9 लाख 11 हजार रूपये कराये गये फ्रीज किए गए।

### लोधी जागृति मंच ने डीएम को भेजा ज्ञापन

## वीरांगना अवंतीबाई के स्मृति द्वार पर बैनर से आक्रोश



महारानी वीरांगना अवन्तीबाई लोधी की स्मृति द्वार एवं लोधी समाज के महापुरुषों के सम्मान को लेकर शुक्रवार को लोधी जागृति मंच के बैनर तले युवाओं ने एकत्र होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की महानायिका महारानी वीरांगना अवन्तीबाई लोधी की स्मृति द्वार पर कांवड़ यात्रा के दौरान सम्बन्धित एक बैनर लगाया गया है। इस पर मंच ने कहा कि यह स्थान महापुरुषों की स्मृति और सम्मान का प्रतीक के इसलिए यहां दिनों निकाली गयी यात्रा के दौरान लगाये गये इस बैनर लगाये जाने से समाज की भावनाएं आहत हुयीं हैं। बताया कि 16 अगस्त 2025 को महारानी वीरांगना अवन्तीबाई लोधी का जन्म दिवस है। इससे पूर्व स्मृति द्वार को पूर्ण रूप से दुरुस्त कराये जाने की मांग उठायी गयी है। मंच ने तीन सूत्रीय मांगों को उठाते हुये उनके जल्द निस्तारण की मांग उठायी है। भूपेन्द्र सिंह लोधी सूर्या, शशिकान्त राजपूत एड., देवसिंह राजपूत, असवेन्द्र राजपूत, डा.सुरेन्द्र सिंह राजपूत आदि मौजूद थे।

### दुर्घटना के अभियुक्त को मिली सजा

**ललितपुर।** डीजीपी लखनऊ के निर्देशन में एसपी मो.मुश्ताक मुश्ताक ने जिले में अपराधियों को सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में दुर्घटना से जुड़े एक मामले में पुलिस ने वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर प्रभावी पैरवी करते हुये मड़ावरा के ग्राम तिसगना निवासी रामकिशोर पुत्र रघुनाथ सिंह ठाकुर को न्यायालय में प्रेषित किया था। प्रकरण में एसपी मो.मुश्ताक द्वारा निरंतर पैरवी करवायी गयी, जिसमें मड़ावरा थाना पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष के अथक प्रयास व प्रभावी पैरवी से 7 अगस्त 2025 को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महरौनी ने रामकिशोर ठाकुर को दोषी पाते जेल में बिताई गयी अवधि व 3500 रूपये धनराशि के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## राहुल ने जिन नाम का जिक्र किया है वह वोटर लिस्ट में शामिल नहीं: सीएम योगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वोटर लिस्ट में गड़बड़ी को लेकर राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जवाब देकर बताया की उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग में किसी भी तरह के वोटर लिस्ट में जिन नाम का जिक्र किया गया है वह शामिल नहीं है । भारत निर्वाचन आयोग जिसमें अन्य विषयों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश राज्य का भी जिक्र किया गया जिसमें उनके द्वारा तथ्य रखा गया कि दो मतदाता जिनका नामआदित्य श्रीवास्तव पुत्र श्री एस०पी० श्रीवास्तव (इपिक नं 6437040) एवं श्री विशाल सिंह पुत्र श्री महीपाल सिंह (इपिक नं 2722288) हैं। इनका नाम उप्र के साथ-साथ अन्य प्रदेश की विधान सभाओं की मतदाता सूची में भी अंकित है। नेता प्रतिपक्ष ने यह आंकड़े 16 मार्च 2025 को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से निकाले हुए दिखाए हैं। आदित्य श्रीवास्तव का नाम चार जगह अंकित दिखाया गया है। इनका नाम मुंबई सब अर्बन की विधान सभा 158 जोगेश्वरी पूर्व की बूथ संख्या 197 के क०सं० 877, बैगलोर अर्बन की विधान सभा 174 महादेवपुरा के बूथ संख्या 458 के क०सं० 1265, बूथ सं० 459 के क०सं० 678 पर एवं लखनऊ की विधान सभा 173 लखनऊ पूर्व के बूथ संख्या 84 के क०सं० 630 पर अंकित दिखाया गया है। विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह का नाम तीन जगह अंकित दिखाया गया है। इनका नाम बैंगलोर की विधान सभा 174 महादेवपुरा में बूथ सं० 513 के क०सं० 926 एवं बूथ सं0 321 के क०सं० 894 तथा वाराणसी की विधानसभा 390 वाराणसी कैण्ट में बूथ सं० 82 के क०सं० 516 पर अंकित दिखाया गया है। 7 अगस्त, 2025 को आदित्य श्रीवास्तव पुत्र श्री एस०पी० श्रीवास्तव (इपिक नं 6437040) एवं श्री विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह (इपिक नं 2722288) के नाम को सर्च किया गया तो पाया गया कि आदित्य श्रीवास्तव पुत्र एसपी श्रीवास्तव (इपिक नं0 6437040) का नाम बैगलोर अर्बन की विधान सभा 174 महादेवपुरा के बूथ संख्या 458 क०सं० 1265 में एवं विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह (इपिक नं 2722288) का बैंगलोर की विधान सभा 174 महादेवपुरा में बूथ सं० 513 क०सं० 926 पर ही अंकित है एवं उपरोक्त मतदाताओं का नाम उत्तर प्रदेश की विधान सभा 173 लखनऊ पूर्व एवं विधान सभा 390 वाराणसी कैण्ट में इनका नाम अंकित नहीं है।

### कचनौंदा बांध डूब क्षेत्र, मांगा पुर्नवास योजना का लाभ

## किसानों ने योजना का लाभ दिलाने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



कचनौंदा बांध परियोजना में डूब क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में रहने वाले किसानों को पुर्नवास को लेकर पूर्व में 24 नवम्बर 2024 को डीएम को पत्र देने के बावजूद भी आज तक मौके की जांच आख्या न आने को लेकर किसानों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन भेजते हुये जांच आख्या मंगवाते हुये किसानों को पुर्नवास योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग उठायी है।

ज्ञापन में किसानों ने जिला प्रशासन को अवगत कराया कि महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम दैलवारा में रहने वाले किसानों की जमीनें जो कि आबादी में थीं कचनौंदा बांध के भराव क्षेत्र में पूर्ण रूप से डूब चुकी है। लेकिन शासन द्वारा स्वीकृत पुर्नवास योजना के तहत अनुसूचित जाति के लोगों को योजना का लाभ नहीं मिला है। जबकि उपरोक्त बांध में लगभग तीन वर्षों से मकान डूबे हुये हैं। इस सम्बन्ध में किसानों द्वारा मांग उठाने पर सिंचाई निर्माण खण्ड प्रथम के अधिकारी लगातार आश्वासन देते रहे, लेकिन आज तक लाभ नहीं मिला। पात्रता की श्रेणी में आने के बावजूद भी किसानों को लाभ दिलाया जाना न्याय संगत है। किसानों के मुताबिक 28 नवम्बर 2024 को तत्कालीन डीएम को पत्र दिया था, जो 2 दिसम्बर 2024 को एसडीएम महरौनी को जांच कर स्पष्ट आख्या तीन दिन में भिजवाने के लिए आदेश थे।

बावजूद इसके आज तक कोई जांच मौके पर नहीं की गयी है। अब ग्रामीणों ने कचनौंदा बांध डूब क्षेत्र के पात्रों को योजना का लाभ दिलाये जाने की गुहार लगायी है। ज्ञापन देते समय रामकुमार, कमलेश, आजाद, बालचंद्र, अनिकेत, सुनील कुमार, मानकलाल, मुकेश, मनीराम, संजू, देवेन्द्र, गंगाराम, रवि, मुलायम, दीपक, मंत्री, सजय, राहुल, रोहित, जीतन, कृष्णा, मानवेन्द्र, कुन्दन, गब्बर, सिकन्दर, नीलू, मुरारी, सोनू, रामकुमार, बालचंद्र, देशराज, महेश आदि किसान मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी से लगाई राहत की गुहार

## ट्रैक्टर चालानों से मटेरियल सप्लायर्स परेशान, निर्माण कार्यों में बाधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जनपद में इन दिनों मटेरियल सप्लाई का कार्य कर रहे छोटे व्यापारी भारी प्रशासनिक दबाव और आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। व्यापारियों का आरोप है कि एआरटीओ (सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी) और पीटीओ (प्रादेशिक परिवहन अधिकारी) द्वारा अनावश्यक रूप से उनके ट्रैक्टरों के भारी-भरकम चालान काटे जा रहे हैं, जिससे आमजन के निर्माण कार्यों में भी गंभीर बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। व्यापारियों के अनुसार, परिवहन विभाग द्वारा न तो उनके ट्रैक्टरों को कमर्शियल श्रेणी में परिवर्तित किया जा रहा है, और न ही उनके व्यवसाय की वास्तविक आवश्यकताओं को समझा जा रहा है। कहा कि वह अपने ट्रैक्टरों का प्रयोग घरों में मटेरियल शिफ्टिंग और भवन निर्माण सामग्री की सप्लाई हेतु करते हैं, लेकिन विभाग द्वारा 50-50 हजार रुपये तक के चालान काटे जा रहे हैं। एक स्थानीय सप्लायर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रशासन की इस कार्रवाई से न केवल मटेरियल सप्लायर्स बल्कि आम नागरिक भी प्रभावित हो रहे हैं। निर्माण कार्यों में देरी और बढ़ती लागत से आमजन त्रस्त हैं। जनपद के समस्त मटेरियल सप्लायर्स ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

**रेडक्रॉस सोसाइटी समिति की पहल**

## क्षयरोग नियंत्रण केंद्र पर टीबी मरीजों को पोषणहार बांटा

**ललितपुर ।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र में वर्तमान में उपचार प्राप्त कर रहे क्षयरोगियों के पोषण हेतु टीबी मरीजों को पोषण आहार किटे वितरित की गयीं। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी शाखा, ललितपुर के सचिव डॉ एसपी पाठक ने कहा कि यह एक पुनीत कार्य है और पोषक आहार मिलने से टीबी मरीज जल्द ठीक होने लगते हैं। डॉ आरएन सोनी जिला क्षयरोग अधिकारी ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है इससे समाज में बहुत ही धनात्मक ऊर्जा का संचार होगा उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास है कि क्षयरोगी जल्दी से स्वस्थ हों और स्वस्थ होकर अन्य लोगों की भांति समाज की मुख्य धारा में जीवनयापन कर सकें और यह भी कहा कि अधिक से अधिक क्षयरोगियों का चिन्हित कर उन्हें उपचार पर लाना है ताकि वर्ष 2025 में भारत को टीबी मुक्त बनाने के अभियान को और अधिक गतिशील किया जा सके। डॉ धीरेन्द्र वैध उप जिला क्षयरोग अधिकारी ने कहा कि मरीज अपने मुंह पर मास्क लगायें इससे अन्य लोगों को टीबी के संक्रमण से बचाया जा सकता है।

### श्रावणी पूर्णिमा संस्कृत दिवस विशेष

## संस्कृत का समस्त ज्ञान सम्यक आचरण का उदगम है : प्रो. भगवत नारायण शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्रावणी पूर्णिमा संस्कृत दिवस पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि काशी के प्राचीन संस्कृत कालेज ने बहुत पहले ही विश्वविद्यालय का स्वरूप प्राप्त कर लिया था। इसी विद्यापीठ की समृद्ध परम्परा का सूचक है, श्रावणी पर्व पर देश देशांतर में संस्कृत प्रेमियों द्वारा मनाया जाने वाला संस्कृत दिवस। वर्तमान संस्कृत विश्वविद्यालय की सबसे प्राचीन विरासत है इसका पुस्तकालय जहां हजारों हस्तलिखित संस्कृत और पालि भाषा के दुर्लभ बौद्ध ग्रंथ समुद्र की तरह व्यापक रूप से अभी उपलब्ध हैं। कतिपय संस्कृत प्रेमी शिक्षार्थियों का काल्पनिक भय इसकी कृत्रिमता और क्लिष्टता की निर्मूल धारणा में सन्निहित है। कुछ हद तक यह सही भी है कि संसार की आधी आबादी ग्रामीण स्त्रियां, बालक और वृद्ध संस्कृत में भली-भांति बोलना और लिखना चाहते हैं।

संस्कृत आचार्य भामः का कहना था कि गद्य और पद्य को दुरूह नहीं होना चाहिये क्योंकि साहित्य का प्राणतत्व सरलता और ओज है। चीन और मध्य एशिया में नवीनतम पुरातात्विक अवशेषों की खोज से यह पता चलता है कि शताब्दियों पहले इन स्थानों पर संस्कृत का बोलबाला रहा है। चीन की महान प्राचीन दीवार पर भी संस्कृत की सूक्तियां लिखी मिली।

### जय बुंदेलखंड! हम लड़ेंगे, हम जीतेंगे

## पर्यटन, पुरातत्व व युवाओं के रोजगार के लिए पृथक राज्य जरूरी: चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



यूथ फॉर बुंदेलखंड संगठन के तत्वावधान में चांदपुर जहाजपुर स्थित प्राचीन सहस्त्रलिंगेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की प्रार्थना की गई। युवाओं ने संकल्प लिया कि जब तक बुंदेलखंड को उसका हक नहीं मिलता, यह शांतिपूर्ण जनआंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान उपस्थित युवाओं ने स्पष्ट किया कि बुंदेलखंड में पर्यटन, पुरातत्व और सांस्कृतिक धरोहरों की अपार संभावनाएं हैं, परंतु आज भी क्षेत्र बेरोजगारी, पलायन और उपेक्षा का शिकार है। पृथक राज्य ही इसका स्थायी समाधान है। एड. शंकरलाल कुशवाहा ने कहा कि यह आंदोलन किसी दल विशेष का नहीं, बल्कि यहां के हर युवा, किसान और मजदूर की आत्मा की आवाज है। प्रशासनिक रूप से सक्षम बुंदेलखंड राज्य अब आवश्यकता बन चुका है। एड. पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि बुंदेलखंड की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गरिमा को संरक्षित करने तथा युवाओं के भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए पृथक राज्य निर्माण अनिवार्य है। मुकेश लोधी ने कहा कि आज जब देश के कई छोटे राज्य विकास की मिसाल बन चुके हैं, तब बुंदेलखंड को उसके हिस्से का न्याय न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### भाईचारे और सुरक्षा के संकल्प के साथ विशेष कार्यक्रम आयोजित

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम व रक्षाबंधन के पर्व पर पुलिस अधीक्षक जवानों को छात्राओं, स्वसहायता समूहों की बहनों ने बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

हर घर तिरंगा कार्यक्रम व रक्षाबंधन के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक मुश्ताक, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने पुलिस प्रशासन स्नेह, भाईचारे और सुरक्षा के संकल्प के साथ एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं, बहनों से राखी बंधवाईं। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बड़े स्नेह और उत्साह से तैयार की गईं राखियां पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस के जांबाज जवानों को बांधी गई। इसके साथ ही छात्राओं ने जनपद के पुलिस कर्मियों के लिए सप्रेम 1172 राखियां और आभार पत्र तैयार किये, जिन्हें डाकपत्र के बॉक्स में रखकर जनपद के पुलिस थानो और चौकियों में भेजा गया। इनमें राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज ललितपुर की छात्राओं ने 200, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज तालबेहट की छात्राओं ने 200, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज महरौनी की छात्राओं ने 200, राजकीय इण्टर कॉलेज बार से 200, राजकीय इण्टर कॉलेज जखौरा से 200, राजकीय हाईस्कूल दावनी से 22, नगर पालिका



बालिका इण्टर कॉलेज ललितपुर की छात्राओं ने 100 तथा श्री दिगम्बर जैनप सुधा सागर कन्या इण्टर कॉलेज ललितपुर की छात्राओं के 50 राखियां/आभार पत्र शामिल हैं।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है, बहनों द्वारा अपने रक्षकों के रुप में पुलिस कर्मियों को राखी बांधना आपसी विश्वास, सम्मान और सहयोग तथा स्नेहकर्ता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनपद पुलिस हर समय जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पुलिस के जवानों को भी राखी बांधकर पुलिस बल के मनोबल को और सशक्त किया तथा मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन के पावन पर्व की मिठास को साझा किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल व विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

लाडली बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से ट्रांसफर की गई 1500 की राशि

# बहन और भाई का रिश्ता सबसे पवित्र, यह रिश्ता हमेशा बना रहेगा: सीएम डॉ. यादव





## बाबा बैजनाथ लोक और कुरावर में कॉलेज की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लाडली बहनों को सौगात देने नरसिंहगढ़ पहुँचे। इस दौरान कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह में उन्होंने एक क्लिक के माध्यम से लाडली बहना योजना के तहत लाभार्थी बहनों के खातों में 1500 की राशि अंतरित की। रक्षाबंधन के मौके पर उन्होंने 250 रुपये बोनस राशि बहनों के खातों में अंतरित की। इस अवसर पर लाडली बहनों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ष्बहन-भाई का रिश्ता सबसे पवित्र होता है, यह जीवन भर बना रहता है। राज्य सरकार बहनों की खुशहाली के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने दीपावली भाई दूज से लाडली बहना योजना के तहत 1500 रुपये राशि देने की घोषणा की साथ ही उन्होंने 2028 तक इस राशि को 3000 तक बढाने की बात भी कही। साथ ही उन्होंने केंद्र और प्रदेश भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ने की बात कही। स्वागत भाषण में विधायक मोहन शर्मा ने मुख्यमंत्री का अभिवादन करते हुए नरसिंहगढ़ शहर और ग्रामीण अंचल की प्रमुख समस्याओं को मंच से रखा और उनके निराकरण की मांग की। कार्यक्रम को प्रभारी मंत्री चेतन कश्यप, सांसद रोडमल नागर ने भी संबोधित किया। इस मौके पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, सुरेंद्र शर्मा सहित अनेक भाजपा नेता मंच पर उपस्थित रहे। हजारों की संख्या में लाडली बहनाएं और आमजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

### बाबा बैजनाथ लोक की घोषणा

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बाबा बैजनाथ लोक के निर्माण तथा कुरावर में शासकीय महाविद्यालय खोलने की भी घोषणा की, जिससे क्षेत्र में विकास और शिक्षा को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही। है। इसके अलावा भी सीएम ने विकास कार्यो में कही कोई कसर नही छोड़ें जाने की बात कही

### रोड शो में जनता ने किया अभूतपूर्व स्वागत

अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 3रू00 बजे हेलीकॉप्टर से नरसिंहगढ़ पहुंचे। जहां उन्होंने अर्जुन गौशाला से बस स्टैंड तक करीब दो किलोमीटर लंबा रोड किया। रोड शो के दौरान हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने रास्ते भर पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का भूतपूर्व स्वागत किया। इस दौरान लाडली बहनों ने मुख्यमंत्री को राखियां ओर आमजनों ने कई उपहार भेंट किये।

### कार्यक्रम की झलकियां

- स्थानीय कलाकारों ने करीब सौ धपड़े बजाकर मुख्यमंत्री के रोड शो का स्वागत किया।
- सरोड शो के दौरान बहनों ने मुख्यमंत्री को भेंट दी और उनके हाथों में राखी भी बांधी।
- सबालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।
- सअखाड़ों में छोटी बच्चियों ने करतब दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।
- समहिलाएं कलश ओर हाथों में तिरंगा लेकर चल रही थी।

सीसीटीवी कैमरे खराब

## नेवज किनारे स्थित शिव मंदिर में चोरी, नदी में मिली दानपेटी



**राजगढ़।** नगर के विभिन्न मंदिर लगातार चोरों के निशाने पर हैं। अज्ञात बदमाश ने एक बार फिर से वारदात को अंजाम देते हुए पुरानी चोरियों की पड़ताल में लगी पुलिस को नई चुनौती दे डाली। चोरी की यह घटना नेवज नदी की छोटी पुलिया के किनारे स्थित शिवालय में हुई है। चोर ने मंदिर के अंदर रखी दानपेटी में रखी चढ़ावा राशि को चुराकर खाली दानपेटी को नदी में फेंक दिया। सुबह जब मंदिर के सेवादार पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तब उन्हें चोरी की बात मालूम हो पाई जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। उल्लेखनीय है कि दो माह पूर्व खोयरी महादेव मंदिर में हुई चोरी का भी अभी तक कुछ पता नहीं लग पाया है।

### बगैर ताला तोड़े मंदिर में घुसा चोर

जानकारी के अनुसार नेवज नदी के छोटे पुल स्थित शिव मंदिर का ताला प्रतिदिन की तरह लगा हुआ था। बुधवार-गुरुवार की रात्रि अज्ञात चोर गेट का ताला तोड़े बगैर लोहे के दरवाजे को उचकाकर अंदर दाखिल हुआ और वहां रखी दानपेटी में रखी राशि चुराई और दानपेटी को समीप ही नेवज नदी की पुलिया के दूसरी तरफ फेंक दिया। गुरुवार सुबह जब मंदिर के सेवादार पहुंचे तब चोरी के बारे में मालूमात हो पाई। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दानपेटी जब्त करते हुए मामला विवेचना में लिया है। मामले में विशेष बात यह है कि पुलिया के ठीक पहले पुलिस विभाग के सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। मंदिर के सेवादारों ने बताया कि यह सीसीटीवी काफी समय से खराब हैं। गौरतलब है कि यह मार्ग तंवरवाड़ क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों को राजगढ़ से सीधा जोड़ता है। ऐसे में यहां के सीसीटीवी खराब होने से पुलिस को कंइं मामलों की पड़ताल में समस्याएं आ सकती हैं।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बचाया, तीन गंभीर हालत में

## शराब दुकान मैनेजर व टीम पर किया जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

लीमाचैहान क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात को एक सनसनीखेज घटना सामने आई। शराब दुकान बंद कर लौट रहे मैनेजर सहित चार लोगों पर भैंसवा माता जोड़ के पास 20-25 लाठीधारी बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को भीड़ से बचाया और उन्हें सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया। बाद में तीन की हालत नाजुक होने पर शाजापुर रेफर किया गया। घायलों में शराब दुकान मैनेजर अभिषेक मिश्रा, ड्राइवर सतीश लोहार और द्वारका प्रसाद शामिल हैं। तीनों की पीठ, पैर व अन्य हिस्सों में लाठियों के गंभीर निशान पाए गए हैं।

### हमले का आरोप दुर्गेश नागर और उसके साथी पर

मैनेजर अभिषेक मिश्रा ने बताया कि वह अपनी शराब दुकान बंद कर लौट रहे थे तभी भैंसवा माता जोड़ के पास भाटखेड़ी निवासी दुर्गेश नागर और उसके साथी जगदीश शिवहरे सहित 20-25 लोगों ने अचानक हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें थाने लेकर गई, जिससे उनकी जान बच सकी।

### मामला दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही लिमाचैहान पुलिस हरकत में आई और फरियादी अभिषेक मिश्रा की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों दृ दुर्गेश गुर्जर, अभिषेक नागर और जगदीश शिवहरे के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जानलेवा हमले सहित आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### विवाद दो ठेकेदारों के बीच का भी पहलू

इस घटना के बाद पचोर के शराब ठेकेदार दुर्गेश नागर के मुंशी जगदीश शिवहरे ने भी लिमाचैहान थाने में सारंगपुर ठेकेदार के विरुद्ध शिकायत की है, जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

### इनका कहना है

बुधवार रात शराब दुकान कर्मियों पर हमले की सूचना मिलने पर तत्काल घायलों को अस्पताल भेजा गया। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच जारी है।

सुगनलाल थाना प्रभारी
लिमाचैहान

## ट्रक ने तूफान वाहन में पीछे से मारी टक्कर, 7 घायल

### राजगढ़-खुजनेर के बीच खजूरी ग्राम के समीप हुआ हादसा



**राजगढ़।** राजगढ़-खुजनेर मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक ट्रक ने तूफान वाहन में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में तूफान वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं उसमें सवार 6 लोगों सहित समीप खड़ी एक महिला घायल हो गई। घटना के बाद 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल लाया गया जहां सभी का ईलाज जारी है। जानकारी के अनुसार शुजालपुर निवासी विद्युत ठेकेदार के यहां कार्यरत छह कर्मचारी विद्युत लाईन चेकिंग का काम करते हुए तूफान वाहन से खुजनेर से राजगढ़ आ रहे थे। इस दौरान खजूरी गांव के समीप पीछे से आ रहे ट्रक ने तूफान में टक्कर मार दी। दुर्घटना में पास में खड़ी गीताबाई पत्नी जगन्नाथ समेत तूफान में सवार सभी छह लोग घायल हो गए। घायलों में अजय पिता देवीलाल नाथ, राहुल पिता रामसिंह मालवीय, रवि पिता बंशीलाल, राजकुमार पिता देवकरण मालवीय, मुकेश पिता रामसिंह, पंकज पिता मोहनसिंह मालवीय शामिल हैं। घटना के बाद सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। अस्पताल पुलिस चैकी ने मामले में ट्रक चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

## एक पौधा मां के नाम माध्यमिक विद्यालय गोरियाखेड़ा में किया पौधरोपण



**जीरापुर।** एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय गोरियाखेडा मे कुडालिया पेय जल समुह योजना अन्तर्गत लार्सन एण्ड टुब्रो कम्पनी के द्वारा आज 51 पौधे लगाए गए कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्षा ने बताया कि विद्यार्थी विद्यालय में अध्ययन करने आते हैं ज्ञान प्राप्त करते हैं एवं उच्च कक्षा में पहुंचकर सफलता हासिल करते हैं इसी तरह एक पौधे को लगाकर छात्र छात्राएं प्रतिदिन उस पौधे कि देखभाल करेंगे तो वह निश्चित ही वह पौधा बड़ा होकर अपने को छांव एवं शुद्ध हवा देगा प्रत्यक्ष छात्र पौधा लगाए एवं उसकी देखरेख करें इस मौके पर एलएनटी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्षा प्लानिंग मैनेजर उत्कृष्ट गुप्ता , अकाउंटेंट, फ्रुदीन कंस्ट्रक्शन मैनेजर उमेश सिंह अभिषेक यादव विशाल उपाध्याय अभिनव त्रिपाठी गौतम राठौर एव राज्यशिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश दागी ,प्रधानाध्यापक शिवनारायण तोमर,राज्य शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष ईश्वरसिहं परमार ,नारायणसिहं तोमर बाचन्द बैरागी,रेखा बैरागी ,माखन ,सहीत छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

## नेतृत्व के बढ़ते कदम -प्रोग्रेसिव हाइट्स में इंवेस्टिचर सेरेमनी संपन्न




**ब्यावरा।** प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल में 7 अगस्त को इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन अत्यंत गरिमा, अनुशासन एवं उत्साह के साथ किया गया। यह विशेष अवसर विद्यालय के नव-निर्वाचित छात्र परिषद् के पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का औपचारिक रूप से हस्तांतरण करने हेतु आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यालय प्राचार्य किरण उपाध्याय एवं स्वेच्छा ठाकुर ने छात्रों को नेतृत्व, जिम्मेदारी और अनुशासन के महत्व पर प्रेरक संबोधन दिया। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन यशिका गुप्ता एवं लाइबा अंसारी द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुंदर व प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर को और भी विशेष बनाते हुए छात्र परिषद के सदस्यों के माता-पिता भी कार्यक्रम में ससम्मान उपस्थित रहे। उन्होंने अपने बच्चों को मंच पर दायित्व ग्रहण करते हुए देखा और गौरव व हर्ष का अनुभव किया। विद्यालय ने अभिभावकों की इस उपस्थिति को सच्चे सहयोग और साझेदारी का प्रतीक माना।

### छात्र परिषद में छात्रों को सौंपें उत्तरदायित्व

हेड बॉय - विनायक पालीवाल
हेड गर्ल - अविका गुप्ता
स्पोर्ट्स सेक्रेटरी - इशिका नरवरिया
डिप्टी स्पोर्ट्स सेक्रेटरी - नवधा गुप्ता
डिसिप्लिन सेक्रेटरी - आध्या गुप्ता
डिप्टी डिसिप्लिन सेक्रेटरी - नीलेश दांगी
कल्चरल सेक्रेटरी - दिशा गुप्ता
डिप्टी कल्चरल सेक्रेटरी - स्वरा कौशिक
एनवायर्नमेंटल सेक्रेटरी - वैदिका साहू
डिप्टी एनवायर्नमेंटल सेक्रेटरी - ग्रेसी गुप्ता

नव-निर्वाचित छात्र नेताओं ने विद्यालय, शिक्षकों एवं अपने सहपाठियों के प्रति निष्ठावान, कर्तव्यपरायण एवं अनुशासित रहने की शपथ ली। संचालक ने सभी छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए नेतृत्व के इस अवसर को सेवा, समर्पण और प्रेरणा का माध्यम बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



## नाले में डूबने से दो सगी बहनों की दर्दनाक मौत

**सारंगपुर।** सारंगपुर के समीप ग्राम करौंदी में गुरुवार को दर्दनाक हादसा हो गया, जब एक ही परिवार की दो मासूम बहनें घर के पास से निकले नाले में डूब गईं। हादसे में दोनों बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार करौंदी निवासी सुनील परमार की दो बेटियां अंशिका परमार (7 वर्ष) एवं भूमिका परमार (4 वर्ष) गुरुवार को दोपहर घर के पास बह रहे नाले में नहाने गई थीं। नाले में पानी का बहाव तेज होने से दोनों बच्चियां फिसल गईं और गहराई में चली गईं। आसपास के लोगों ने जब बच्चियों को नहीं देखा तो खोजबीन शुरू की गई और कुछ ही देर में दोनों के शव नाले से निकाले गए। वही सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए सारंगपुर अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। इस दर्दनाक हादसे से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में मातम का माहौल है और लोग परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं।

## विवाहिता से दुष्कर्म के दोषी को सश्रम आजीवन कारावास

### विशेष सत्र न्यायाधीश राजगढ़ ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

साल 2020 में एक विवाहिता महिला के साथ हुई दुराचार की घटना के मामले में न्यायालय ने दोषी को सश्रम आजीवन कारावास से दंडित किया है। इसके साथ ही दोषी पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है। विशेष सत्र न्यायाधीश (एससी/एसटी) ने तमाम सबूतों एवं गवाहों के आधार पर अपना फैसला सुनाया है।

### क्या था पूरा मामला

विशेष लोक अभियोजक पी.एन. मालाकार ने बताया कि लीमा चैहान थानाक्षेत्रान्तर्गत 9 नवंबर 2020 को एक विवाहिता महिला के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। दोपहर के समय जब पीड़ति जब लकड़ियां लेने खेत पर जा रही थी तभी उसी के गांव का दुर्गेश पिता बद्रीलाल तंवर पीड़ति को जबरन पकड़कर समीप के खंडहर में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़ति का पति वहां आ गया जिन्हें देखकर आरोपी मौके से भाग निकला। पीड़ति ने पति के साथ लीमाचैहान थाने पहुंचकर पूरी आपबीती बताई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी दुर्गेश पर दुष्कर्म व एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया। चालान कोर्ट में प्रस्तुत होने पर अभियोजन की तरफ से 10 गवाहों के बयान करवाते हुए सात विभिन्न दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत किए गए। इस आधार पर विशेष सत्र न्यायाधीश ने आरोपी दुर्गेश को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## भाजपा मंडल गुलावता की कार्यकारिणी घोषित

### रघुराज सिंह व डॉ. बालू वर्मा बने महामंत्री





**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी गुलावता मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा गुरुवार को की गई। यह घोषणा मंडल अध्यक्ष गिरवर सिंह भंडारी द्वारा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर की सहमति, राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल की अनुशंसा, सांसद रोडमल नागर के मार्गदर्शन एवं जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा की सहमति से की गई। घोषित कार्यकारिणी में रघुराज सिंह सोलंकी एवं डॉ. बालू सिंह वर्मा को मंडल महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही अन्य पदाधिकारियों को भी संगठनात्मक दायित्व सौंपे गए हैं। नवनियुक्त कार्यकारिणी के गठन पर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। मंडल अध्यक्ष भंडारी ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी पार्टी को बूथ स्तर तक सशक्त बनाएगी और आगामी चुनावों में संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ में शुभकामनाएं दी।

## कक्षा 10 में श्रेष्ठ परिणाम वाले छात्रों को नकद राशि देकर किया सम्मानित



**पचोर** -अपने वादे के अनुरूप शिक्षकों ने दसवीं में श्रेष्ठ परिणाम देने वाले छात्रों को कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में सरंपच रामकृष्ण नागर ,पूर्व सरपंच रमेश राठौर, की उपस्थिति में छात्र छात्राओं को सम्मानित किया ।इस मौके पर अतिथियों ने कहा को अब प्रतिस्पर्धा का समय है और ऐसे में ज्यादा परिश्रम की जरूरत होती है। तो वहीं अन्य छात्रों को भी उन्होंने समझाइश देते हुए कहा कि वे चिंता न करें बल्कि मन लगाकर पढ़ाई करेंगे तो निश्चित तौर पर उन्हें सफलता मिलेगी और अच्छे अंक प्राप्त कर सकेंगे।वहीं शिक्षकों के प्रयासों को भी सराहनीय बताया। । कार्यक्रम की शुरुआत में छात्रों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। प्राचार्य शबाना कुरैशी ने कहा हमारे छात्र प्रतिभा सम्पन्न हे केवल उन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। शिक्षिका ज्योति व्यास ने कहा कि हमारे सभी शिक्षक ,बच्चे मेहनत करते हे, बच्चो को हमने प्रोत्साहित करने की कोशिश की हैं। इस मौके संकुल से दुर्गा प्रसाद जाटव, खबीर गोरी, ताहिर कुरैशी, जन शिक्षक अशोक शर्मा, विद्यालय के विक्रम सिंह भानेरिया , सुरेश प्रसाद यादव ,जमील अहमद खान संदीप राजोरे,रवि शर्मा,आदि उपस्थित रहे।

### यह है प्रोत्साहन

शासकीय हाई स्कूल देहरी बामन की प्राचार्य शबाना कुरैशी ने पिछले वर्ष कक्षा दसवीं के छात्रों से मेहनत करने का वादा लिया था और कहा था कि जो बच्चे 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाएंगे उनको अपनी ओर से 1000 रुपए देगी वहीं शिक्षिका ज्योति व्यास 85 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्रों को 2000 रुपए देगी । कार्यक्रम मेंरौनक तिवारी, रिया, दीपिका, कांता राजपूत, खुशबु, कुमकुम, पूजा तोमर, को नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।